1	30	Supply of Seasonal Flowering Plants (Guldaudi, Salvia, Dog Flower, Pituniya etc (Hybrid verity pune) in Earthen pots 9 inch size in JDA region with 4 month maintenance and Supply and planting of seasonal flowering plants of Pune verity in mother beds in JDA region H.Zone I and IV (Year 2026-27) **UBN No.: JDA2627WSOB00368**	47.60	15.10.2026 / 24.10.2026	26.10.26	215/2026-27
2	31	Supply of Seasonal Flowering Plants (Guldaudi, Salvia, Dog Flower, Pituniya etc (Hybrid verity pune) in Earthen pots 9 inch size in JDA region with 4 month maintenance and Supply and planting of seasonal flowering plants of Pune verity in mother beds in JDA region H.Zone II and III (Year 2026-27) **UBN No.: JDA2627WSOB00368**	47.60	15.10.2026 / 24.10.2026	26.10.26	215/2026-27

नोट:

(1) बिड को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
(2) बिड **E-Procurement** के जरिए प्राप्त की जायेगी। बोलीदाता द्वारा पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
(3) बिड से सम्बन्धित शर्तें वेबसाईट **www.jda.rajasthan.gov.in, http:/eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in** पर अथवा वरिष्ठ उद्यानविज्ञ के कार्यालय, कनक भवन, सैन्ट्रल पार्क में देखी जा सकती है।

वरिष्ठ उद्यानविज्ञ

राज.संवाद/सी/26/12022

DNJ-415177

सूडोकु नवताल- 7148

मध्यम

		5			8			
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6						1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
			2			7		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 7147 का हल

5	7	4	1	3	9	6	2	8
2	8	9	6	5	7	1	4	3
3	6	1	2	8	4	5	7	9
9	3	7	8	1	6	4	5	2
6	5	8	4	9	2	3	1	7
1	4	2	5	7	3	8	9	6
7	9	6	3	4	1	2	8	5
4	2	5	9	6	8	7	3	1
8	1	3	7	2	5	9	6	4

शब्द पहेली - 6648



बाएँ से दाएँ

1. स्वामी-3
3. एक सब्जी-3
6. चोट-2
5. लोग-2
8. करतब-4
11. प्रशंसा-3
13. पैगंबर-3
14. शैली-2
15. नजदीक-2
16. जहाँ अकसर शिखर बैठके होती रहती है-3
18. बेटी का बेटा-3
20. पूजा गीत, कीर्तन-3
22. विष्णु भगवान-2
24. चमक-2
25. दुर्घटना-3
26. सिपाही, युवक-3

ऊपर से नीचे

1. आदर-2
2. सोना-3
3. गौरव-3
4. लक्ष्मी-2
5. जन, लोक-3
7. बिना विवाह किए घर में रखी जाने वाली पत्नी-3
9. रक्षाबंधन-2
10. किसी वस्तु को पाने के लिए बेचैन होना-4
12. मुल्ला का निर्णय, आदेश-3
16. स्थान-3
17. एक शिकारी पक्षी-2
19. राजा-3
20. विश्वास-3
21. मुसलमानों की प्रार्थना-3
23. बंधन से मुक्त-2
24. मान, मर्यादा-2

शब्द पहेली - 6647 का हल



मंगल सेनाचा, बेंगलोर

आईटी शेयरों में तूफानी तेजी से बाजार गुलजार

एजेंसी/नवज्योति, मुंबई। आईटी कंपनियों में जोरदार लिवाली से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 413.66 अंक यानी 0.56% चढ़कर 74,729.27 अंक पर पहुंच गया। एनएसई का निफ्टी भी 148.80 अंक बढ़कर 23,146.15 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांक 23 सितंबर के बाद के उच्चतम स्तर पर रहे।

मिडकैप और स्मॉलकैप में कमजोरी : मिडकैप-50 सूचकांक 0.06% और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.01% गिरा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में 18 के शेयर बढ़त में रहे। इंडिगो 2.23%, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.09% और एशियन पेंट्स 1% टूटे। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.39%, हांगकांग काहैंगसेंग 0.52% और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.24% चढ़कर बंद हुआ।

स्टेलेंटिस भारत में करेगी 4,000 करोड़ का निवेश

चेन्नई। स्टेलेंटिस ने भारत में 2030 तक कुल निवेश बढ़ाकर करीब 15,000 करोड़ करने की घोषणा की है। कंपनी अगले तीन साल में 4,000 करोड़ का नया निवेश करेगी। इसके तहत जीप और सिट्रोएन के 12 प्रोडक्ट लॉन्च होंगे, जिनमें सात नए मॉडल और पांच बड़े अपग्रेड शामिल हैं। पहला प्रोडक्ट 2027 की दूसरी तिमाही में आएगा। स्टेलेंटिस एशिया-पैसिफिक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर तियानशु शिन ने कहा कि भारत कंपनी के लिए महत्वपूर्ण बाजार और वैश्विक परिचालन केंद्र है। स्टेलेंटिस इंडिया के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर शैलेश हजेला ने बताया कि पोर्टफोलियो में पेट्रोल-डीजल, हाइब्रिड, प्लग-इन हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन शामिल होंगे।

बीएसए गोल्ड स्टार 650 के दो नए एडिशन लॉन्च

नईदिल्ली। बीएसए मोटर साइकिल्स ने गोल्ड स्टार 650 के दो नए एडिशन ब्रुकलैंड्स ब्लैक लिगेसी और बर्मिंघम ब्लू लॉन्च किए हैं। दोनों एडिशन आकर्षक रंगों, प्रीमियम फिनिश और क्लासिक ब्रिटिश डिजाइन के साथ पेश किए गए हैं। इनकी उपलब्धता देशभर की बीएसए डीलरशिप पर होगी। गोल्ड स्टार 650 की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 3,55,950 रु है। क्लासिक लेजेंड्स के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा कि नए एडिशन ब्रांड की विरासत और आधुनिक डिजाइन का मेल हैं।

मण्डी भाव

फतहनगर। गेहूं 2910 से 2996,मक्का पीली 1646 से 2281,मक्का सफेद 2200 से 2600,जौ 2900 से 3350, चना 6600 से 6900,सरसो 8361 से 8400,सोयाबिन 6250 से 6700,शक्कर 5000 से 5100,ज्वार 2396 से 2591, मूंगफली 5500 से 6650 तक

प्रतापगढ़। गेहूं का 2750 रुपये से 2835 रुपये, मक्का का 1402 रुपये से 1990 रुपये, चना का भाव 0 रुपये, मसूर का भाव 0 रुपये, सोयाबीन का 6050 रुपये से 6485 रुपये, सरसों का भाव 0 रुपये, अलसी का 10590 रुपये से 10650 रुपये, मेथी का 7250 रुपये से 7325 रुपये, लहसुन का 5250 रुपये से 11025 रुपये तथा प्याज का 1140 रुपये से 2770 रुपये रहा।

नीमच। गेहूं का 2775 रुपये से 3400 रुपये, मक्का का 1975 रुपये से 2675 रुपये, उड़द का 7250 रुपये से 9200 रुपये, चना का 6500 रुपये से 6850 रुपये, पोस्ता का 18600 रुपये से 177500 रुपये, मेथी का 7300 रुपये से 11111 रुपये, अजवाइन नई का 15800 रुपये से 25000 रुपये, धनिया का 15352 रुपये से 16000 रुपये, मूंगफली का 6399 रुपये से 10000 रुपये, अलसी का 1750 रुपये से 11800 रुपये, रायड़ा का 7850 रुपये से 8750 रुपये, सोयाबीन का 6100 रुपये से 7550 रुपये, लहसुन का 7251 रुपये से 24250 रुपये, कलौंजी नई का 24300 से 25900 रुपये, इसबगोल का 14350 रुपये से 15751 रुपये, जौ का 3275 से 3500 रुपये, मसूर का 5999 से 6850 रुपये, जीरा का 22000 से 25300 रुपये, तिल्ली का 14350 से 16200 रुपये, असगंध का 12100 से 28000 रुपये तथा तुलसी बीज का 10000 से 22250 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

कार्यालय-राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी उप जिला चिकित्सालय, बड़ीसादड़ी, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक / एनएचएम / निविदा/2026-27/628

दिनांक-15/10/26

खुली निविदा सूचना

उपजिला चिकित्सालय बड़ीसादड़ी में विभिन्न कार्य/ सेवाओं के लिए 2026-2027 अवधि के लिये सेवाप्रदाता/एनजीओ/ रजिस्टर्ड ऐजेन्सी/फर्म से मोहरबंद निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिये https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर डाउनलोड कर Nib Number पर देख सकते है। इच्छुक प्रार्थी निर्धारित समय में कार्यालय से फॉर्म शुल्क का डीडी जमा कराकर फॉर्म प्राप्त कर सकते है।

1 Nib Number- MHS2627A3131 2 Nib Number- MHS2627A3132
3 Nib Number- MHS2627A3133 4 Nib Number- MHS2627A3135
5 Nib Number- MHS2627A3137 6 Nib Number- MHS2627A3138

सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
उप जिला चिकित्सालय बड़ीसादड़ी

DNU 415221

चांदी 3500 रुपए और सोना एक हजार रुपए महंगा

जयपुर। वायदा बाजार की तेजी के असर से जयपुर सराफा बाजार में दोनों कीमती धातुओं में रिकॉर्ड तेजी आई। चांदी 3500 रुपए की छलांग लगाकर 2,17,500 रुपए प्रति किलो रही। शुद्ध सोना एक हजार रुपए बढ़कर 1,50,500 रुपए प्रति दस ग्राम रहा। जेवराती सोना एक हजार रुपए तेज होकर 1,38,200 रुपए प्रति दस ग्राम रहा। हाजिर बाजार में खरीदारी की रफ्तार सामान्य रही। 18कैरेट 1,17,400 रुपए और 14कैरेट 93,300 रुपए प्रति दस ग्राम रहा।

डॉलर में नरमी से रुपया नौ पैसे मजबूत

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डॉलर सूचकांक में नरमी से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को नौ पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 94.90 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 18 पैसे चढ़कर 94.99 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपया 24 पैसे की बढ़त में 94.75 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। यह ऊपर 94.71 रुपये और नीचे 95.07 रुपये प्रति डॉलर तक गया। अंत में 94.90 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में 0.3 प्रतिशत की गिरावट के कारण भारतीय मुद्रा को मजबूती मिली। कच्चे तेल में टिकाव रहा। लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 106 डॉलर प्रति बैरल के आसपास लगभग स्थिर रहा।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra
ONE FAMILY ONE BANK

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अंचल कार्यालय, जयपुर, 6वां तल,फॉर्चून हाईट्स, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर- 302001
फोन:-0141-2379903, 905; ई-मेल आईडी: legal_jai@bankofmaharashtra.bank.in; recovery_jai@bankofmaharashtra.bank.in
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-5

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट - IV –A)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्ति का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास गिरवी / प्रभारित है, का कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है"** के आधार पर ऋणी और जमानतदारों से बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शेष राशि की वसूली के लिए **दिनांक 18.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे एवं दोपहर 3.00 बजे के मध्य** बेचा जाएगा। ऋणी और जमानतदारों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा इस प्रकार है:–

क्र. सं.	ऋणी / जमानतदार का नाम	बकाया राशि	सम्पत्तियों का पता	कब्जा प्रकार / शाखा नाम	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा (ईएमडी)
1	श्रीमती डिम्पल कुंवर (ऋणी) आराजी नं. 206, राजस्व ग्राम भूटिया, तहसील कुराबड, जिला उदयपुर, राजस्थान- 313703	05.06.2026 तक बकाया रूपये 21,55,411.94/- + आगे की लागते, ब्याज, शुल्क और खर्चे, यदि कोई वसूली हुई हो तो उसे घटाकर।	श्रीमती डिम्पल कुंवर पत्नी श्री गणपत सिंह राणावत के नाम से साम्यिक बंधक आवासीय संपत्ति आराजी नं. 206, राजस्व ग्राम भूटिया, तहसील कुराबड, जिला उदयपुर, राजस्थान-313202 में स्थित। संपत्ति का कुल क्षेत्रफल 4050 वर्गफीट है।	सांकेतिक कब्जा / उदयपुर	आरक्षित मूल्य- रु. 35,35,000/- (रुपये पैंतीस लाख पैंतीस हजार मात्र) एवं ईएमडी - रु. 3,53,500/- (रुपये तीन लाख तरेपन हजार पांच सौ मात्र)

बोली वृद्धि की राशि रूपये 20,000/- होगी और इसमें 10 मिनट का असीमित विस्तार (अनलिमिटेड एक्सटेंशन) शामिल होगा।

संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय:- 11.11.2026 को सुबह 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के मध्य।

बोली जमा करने/ईएमडी और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 17.11.2026 सायं 05.00 बजे तक।

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट पर दिए गए लिंक https://bankofmaharashtra.bank.in/asset-for-sales-search और baanknet पोर्टल (https://baanknet.com) का संदर्भ लें।

दिनांक 16.10.2026 स्थान:– उदयपुर

गौरव कुमार प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संपर्क नंबर:9763923662

DNJ-415203

नगर परिषद निम्बाहेड़ा, राजस्थान

अपील

हार्दिक आमंत्रण

राष्ट्रीय दशहरा मेला–2026 दिनांक 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2026 तक

हमारा संकल्प

स्वच्छ निम्बाहेड़ा – सुंदर निम्बाहेड़ा – विकसित निम्बाहेड़ा

नगर परिषद निम्बाहेड़ा द्वारा आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय दशहरा मेलादृ2026 में समस्त नगरवासियों, क्षेत्रवासियों एवं देशभर से पधारने वाले श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है।

भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं, साहित्य, संगीत एवं आधुनिक मनोरंजन का अनुपम संगम प्रस्तुत करता यह भव्य मेला नगर की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा। मेले में प्रतिदिन हजारों की संख्या में आगंतुकों के आगमन को देखते हुए नगर परिषद द्वारा निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

–:: कार्यक्रमों के मुख्य आकर्षण ::–

16 अक्टूबर 2026 – संगीतमय संध्या

सुप्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर पलक मुच्छाल की मधुर आवाज में शानदार संगीतमय प्रस्तुति।

17 अक्टूबर 2026 – अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन

वंडर सीमेंट लिमिटेड, निम्बाहेड़ा की सहभागिता से आयोजित अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवि एवं कलाकार शैलेश लोढ़ा (मुंबई) की विशेष काव्य प्रस्तुति होगी। इस विराट कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि–कवयित्रियां भी अपनी काव्य प्रस्तुतियां देंगे, जिनमें सर्वश्री बृजप्रकाश दाधीच, संजय डाला, जानी बैरागी, सर्वेश अस्थाना, कविता तिवारी, अमन अक्षर, आयुषी राखेजा, राहुल बजरंगी, नवीन पार्थ, गौरव चौहान एवं महेन्द्र मधुर शामिल हैं।

18 अक्टूबर 2026 – हरियाणवी डांस धमाका

लोकप्रिय हरियाणवी डांसर प्रांजल दहिया की शानदार नृत्य प्रस्तुति।

19 अक्टूबर 2026 – हास्य एवं मनोरंजन संध्या

जे.के. सीमेंट वर्क्स, निम्बाहेड़ा की सहभागिता से लोकप्रिय हास्य कलाकार कृष्णा अभिषेक एवं कीकू शारदा, (द कपिल शर्मा शो) की मनोरंजक प्रस्तुतियां होंगी।

11 से 20 अक्टूबर 2026 – रामलीला एवं धार्मिक आयोजन

रामलीला मंच पर प्रतिदिन रामलीला का आयोजन किया जाएगा। मेले में स्वचालित, सजीव, सुंदर एवं आकर्षक धार्मिक झांकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

20 अक्टूबर 2026 – विजयादशमी का भव्य आयोजन

सायंकाल भव्य आतिशबाजी के साथ रावण, कुंभकरण एवं मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा।
आइए, बुराई पर अच्छाई की विजय के इस पावन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

नगर परिषद निम्बाहेड़ा

जनसेवा मूलभूत सुविधाए स्वच्छता विकास

नगर परिषद निम्बाहेड़ा नगर के सर्वांगीण विकास, नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित शहर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

- नागरिक गीले एवं सूखे कचरे को अलग–अलग रख कर कचरा वाहन में ही डालें।
- शहर में स्ट्रीट लाइट बंद अथवा क्षतिग्रस्त होने पर नगर परिषद को सूचित करें।
- प्रकाशयुक्त नगर बनाने में सहयोग दें।
- नगर के उद्यानों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक बनाने के लिए सहयोग प्रदान करें।
- जन्म एवं मृत्यु, विवाह पंजीयन करवाना अनिवार्य है।
- भवन निर्माण, निर्माण स्वीकृति प्रारंभ करने से पूर्व नियमानुसार आवश्यक अनुमति प्राप्त करें।
- हरित एवं सुंदर नगर के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं।

आइए, सपरिवार पधारें और भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं, साहित्य, संगीत एवं मनोरंजन के इस भव्य महोत्सव का आनंद लें। विजयादशमी के पावन पर्व पर बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव मनाएं।

श्रीचन्द कृपलानी
मेला संरक्षक एवं विधायक, पूर्व नगरीय विकास, आवासन व स्वायत्त शासन मंत्री

श्रीमती शिल्पा भूतड़ा
सभापति
नगर परिषद निम्बाहेड़ा

निलेश मेहता
उपसभापति
नगर परिषद निम्बाहेड़ा

एवं नगर परिषद निम्बाहेड़ा परिवार

राज.संवाद / सी / 26 / 12106

DNJ-415179

91 वर्ष
सफलता, निष्पक्ष और विश्वसनीयता के

सीकर » नीम का थाना

दैनिक नवज्योति
आपके लिए, आपके साथ
dainiknavajyoti.com

जयपुर | 4
जयपुर, शनिवार, 17 अक्टूबर, 2026

▪ चूरू ▪ सीकर ▪ झुंझुनूं ▪ सुजानगढ़ ▪ बीदासर ▪ रतनगढ़ ▪ छापर ▪ खाटूश्यामजी ▪ चिड़ावा ▪ बिसाऊ ▪ सादुलपुर ▪ तारानगर ▪ श्रीमाधोपुर ▪ नवलगढ़ ▪ लक्ष्मणगढ़ ▪ बुहाना ▪ फतेहपुर ▪ सालासर ▪ लोसल▪ लक्ष्मणगढ़▪ बुहाना ▪ फतेहपुर ▪ सालासर ▪ लोसल

शारदीय नवरात्र के नौ दिनों में पढ़िए शेखावाटी के प्रसिद्ध माता मंदिरों की आस्था, इतिहास और चमत्कारों से जुड़ी कहानियां

आठ शताब्दियों से आस्था का केंद्र, बायांजी माता के दरबार में उमड़ता विश्वास

चूरू जिले के बायला गांव में लोककथा, धार्मिक परंपरा और बच्चों की वाणी से जुड़ी मान्यता ने मंदिर को दी अलग पहचान



रीजनल स्पेशल नवज्योति, जयपुर। राजस्थान के शेखावाटी अंचल में अनेक ऐसे धार्मिक स्थल हैं, जिनकी पहचान सदियों पुरानी लोकपरंपराओं और जनआस्था से जुड़ी है। चूरू जिले के सरदारशहर क्षेत्र के बायला गांव में स्थित बायांजी माता मंदिर भी ऐसा ही एक आस्था स्थल है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, मंदिर का इतिहास करीब आठ सौ वर्ष पुराना है। यहां बच्चों की हकलाने और तुतलाने की समस्या दूर होने की कामना लेकर श्रद्धालु पहुंचते हैं। माता के प्रति विश्वास, पीढ़ियों से चली आ रही लोककथाएं और ग्रामीण संस्कृति से जुड़ाव इस मंदिर को क्षेत्र में विशिष्ट पहचान देते हैं।

लिखमादेसर से बायला तक जुड़ी है लोककथा

स्थानीय परंपरा में बायांजी माता के इतिहास को लिखमादेसर से जोड़कर देखा जाता है। जनश्रुति के अनुसार, करीब आठ सौ वर्ष पहले बायांजी का इस क्षेत्र से संबंध स्थापित हुआ। उस दौर में शेखावाटी के अनेक गांवों में जीवन कठिन परिस्थितियों के बीच आगे बढ़ता था। रेतीले धोरे, पानी की कमी और मौसम की चुनौतियां ग्रामीण जीवन का हिस्सा थीं। ऐसी परिस्थितियों में धार्मिक आस्था लोगों को मानसिक संबल देती थी। बायांजी माता के आगमन और क्षेत्र में उनकी प्रतिष्ठा से जुड़ी कथाएं स्थानीय लोगों की स्मृतियों में आज भी जीवित हैं। समय के साथ यहां पूजा-अर्चना की परंपरा विकसित हुई और मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बन गया। मंदिर के इतिहास से जुड़े सभी प्रसंगों के लिखित प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए इसके प्राचीन स्वरूप को समझने में स्थानीय जनश्रुतियों और मौखिक परंपराओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।



बच्चों की वाणी से जुड़ी है अनूठी मान्यता

बायांजी माता मंदिर की सबसे विशिष्ट पहचान बच्चों की वाणी सेजुड़ी लोकमान्यता है। स्थानीय विश्वास है कि माता के दर्शन और पूजा-अर्चना से बच्चों की हकलाने या तुतलाने की परेशानी दूर होने की मनोकामना पूरी होती है। इसी विश्वास के चलते परिवार बच्चों के साथ मंदिर पहुंचकर माता के समक्ष प्रार्थना करते हैं और उनके स्वस्थ भविष्य की कामना करते हैं। श्रद्धालुओं के लिए यह स्थान केवल धार्मिक अनुष्ठान का केंद्र नहीं, बल्कि आशा और भावनात्मक विश्वास से जुड़ा स्थल भी है। माता के प्रति श्रद्धा लोगों को अपनी मनोकामनाएं व्यक्त करने और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना करने का अवसर देती है। हालांकि, वाणी संबंधी समस्या होने पर विशेषज्ञ चिकित्सक या स्पीच थैरेपिस्ट की सलाह लेना भी जरूरी है। धार्मिक आस्था और उचित उपचार साथ-साथ चल सकते हैं।

लोकविश्वास ने बनाई मंदिर की अलग पहचान

राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक मंदिर ऐसे हैं, जिनकी प्रसिद्धि स्थानीय मान्यताओं और पीढ़ियों से सुनाई जा रही कथाओं के कारण बनी है। बायला का बायांजी माता मंदिर भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यहां से जुड़ी लोककथा और बच्चों की वाणी संबंधी मान्यता ने इसे क्षेत्र के विशिष्ट धार्मिक स्थलों में स्थान दिलाया है। ऐसे मंदिर ग्रामीण समाज में सामाजिक जुड़ाव और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का माध्यम भी बनते हैं। परिवारों के साथ मंदिर आने वाले लोग बच्चों को स्थानीय देवी-देवताओं, परंपराओं और उनसे जुड़ी कथाओं से परिचित कराते हैं। इससे लोकस्मृतियां एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचती रहती हैं।

श्रद्धा, परंपरा और संस्कृति की विरासत

बायला का बायांजी माता मंदिर चूरू जिले की धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है। करीब आठ सौ वर्ष पुरानी बताई जाने वाली परंपरा, लिखमादेसर से जुड़ी लोककथा और बच्चों की वाणी से संबंधित मान्यता इसे विशिष्ट बनाती है। मंदिर का महत्व केवल इसकी प्राचीनता में नहीं, बल्कि उन भावनाओं में भी है, जो श्रद्धालुओं को इससे जोड़ती हैं। बायांजी माता के प्रति लोगों का विश्वास इस बात का उदाहरण है कि लोकदेवियों और धार्मिक स्थलों की पहचान समाज की सामूहिक स्मृति से बनती है। बायला का यह मंदिर आज भी उसी आस्था, लोकपरंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बना हुआ है।

रींगस में आज होगा गरबा रास

न्यूज सर्विस/ नवज्योति, रींगस। नवरात्रि के अवसर पर शनिवार को शहर में गरबा और डांडिया की धूम रहेगी। फैंटास्टिक इवेंट एंड वेडिंग प्लानर के तत्वावधान में 17 अक्टूबर को गोविन्द बंसी गार्डन में 'गरबा रास रंग-3' का आयोजन होगा। इसमें सिंगर ए.के. अवस्थी लाइव प्रस्तुति देंगे, जबकि एंकर लक्ष्य मिश्रा कार्यक्रम का संचालन करेंगे। आयोजक प्रदीप शर्मा और मन शर्मा ने बताया कि शहर में लगातार तीसरे वर्ष गरबा रास आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर युवाओं और गरबा प्रेमियों में उत्साह है। कार्यक्रम स्टैंडर्ड स्वीट्स, आर्यन स्कूल, गोविन्दम रेस्टोरेंट और बीटीएस हॉस्पिटल के सौजन्य से होगा। प्रचार-प्रसार के लिए उपखंड, तहसील और नगर पालिका कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर पोस्टर विमोचन किए गए। सीसीए स्कूल, आर्यन स्कूल, एक्सीलेंस स्कूल, स्टैंडर्ड स्वीट्स और बीटीएस हॉस्पिटल में भी पोस्टर जारी किए गए। आयोजकों ने बताया कि उद्देश्य सामूहिक गरबा रास से नवरात्रि उत्सव को उल्लासपूर्ण बनाना है।



रामलीला में सीता हरण और जटायु-रावण युद्ध का सजीव मंचन





न्यूज सर्विस/ नवज्योति, रींगस। आजाद चौक में श्री सूर्य मंडल समाज सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित 11 दिवसीय रामलीला में रामायण के विभिन्न प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। कलाकारों ने सूर्पनखा की नाक काटने, खर-दूषण वध, मारीच प्रसंग, सीता हरण, जटायु-रावण युद्ध और सुग्रीव मित्रता के दृश्यों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर शेखावाटी पत्रकार संस्थान के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष हरीश गुर्जर के नेतृत्व में रामायण पूजन किया। पंडित गोपाल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवाई। इसके बाद समिति अध्यक्ष हरिप्रसाद बलौदा सहित रामगोपाल बींवाल, बाबूलाल जांगिड़, रामावतार कुमावत और पोखरमल कुमावत ने संस्थान के सचिव राजेंद्र कुमावत, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार खींची, कोषाध्यक्ष विद्याधर शर्मा, वरिष्ठ सदस्य द्वारका प्रसाद कौशिक, बीएल सरोज और लोकेश शर्मा का दुपट्टा पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया। समिति मंत्री श्रवण सैन ने बताया कि रामलीला के माध्यम से धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने और नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों से परिचित करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

खर्रा परिवार के चार दावेदारों ने बढ़ाई सियासी हलचल, 105 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

भाजपा-कांग्रेस के साथ निर्दलीय और आरएलपी प्रत्याशियों ने भी ठोकी ताल, परिवारवाद पर प्रदेशाध्यक्ष के बयान की चर्चा





न्यूज सर्विस/ नवज्योति, श्रीमाधोपुर। पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव को लेकर श्रीमाधोपुर में नामांकन के अंतिम दिन सियासी हलचल तेज हो गई। श्रीमाधोपुर पंचायत समिति सदस्य के लिए शुक्रवार को 69 नामांकन पत्र और भरे जाने के बाद कुल 105 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर चुनावी मैदान में अपनी दावेदारी पेश की। भाजपा, कांग्रेस, निर्दलीय और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (RLP) के प्रत्याशियों के उतरने से चुनावी मुकाबले का माहौल गरमा गया है। वहीं, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के परिवार से चार सदस्यों की दावेदारी ने राजनीतिक चर्चाओं को और हवा दे दी है। मंत्री की पत्नी शांति देवी खर्रा ने पंचायत समिति के वार्ड 17 और छोटे बेटे अजय सिंह खर्रा ने वार्ड 20 से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। वहीं, बड़े बेटे दुर्गा सिंहखर्रा वार्ड 19 से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा मंत्री के छोटे भाई महावीर खर्रा की पत्नी प्रतिभा सिंह खर्रा ने जिला परिषद के वार्ड 23 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा है। इस तरह एक ही परिवार के दो सदस्य भाजपा और दो निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में हैं। गौरतलब है कि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की पत्नी शांति देवी ने पंचायत समिति के वार्ड 17 से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। वे लगातार दूसरी बार पंचायत समिति सदस्य का चुनाव लड़ रही हैं। पिछले चुनाव में जीत दर्ज कर वे सदस्य बनी थीं।

वहीं भाजपा जिला मंत्री अजय सिंह खर्रा ने वार्ड 20 से नामांकन भरा है। वे पहली बार पंचायत समिति सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। दुर्गा सिंह खर्रा पिछली बार वार्ड 14 से (वर्तमान वार्ड 8, भारणी) से पंचायत समिति सदस्य का चुनाव हार गए थे। इस बार वे वार्ड 19 से निर्दलीय लड़ रहे हैं।

खंडेला पंचायत समिति के वार्ड 19 से भाजपा प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन



न्यूज सर्विस/ नवज्योति, रींगस। पंचायत समिति खंडेला के वार्ड संख्या 19 से भाजपा प्रत्याशी अर्चना देवी पत्नी कैलाश चंद घोसल्या ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सरगोठ निवासी अर्चना देवी ने खंडेला की रिटर्निंग अधिकारी ज्योत्सना खेड़ा के समक्ष नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। नामांकन दाखिल करने से पहले अर्चना देवी ने गणपति धाम पहुंचकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की और सफलता की कामना की। इसके बाद उन्होंने नामांकन प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर अर्जुन लाल घोसल्या और मुकेश घोसल्या ने क्षेत्र के मतदाताओं से अर्चना देवी को समर्थन देने तथा अपने मत रूपी आशीर्वाद से विजयी बनाने की अपील की।

सीता हरण और राम-सुग्रीव मित्रता की लीला का मंचन

श्रीमाधोपुर। पुराना बस स्टैंड स्थित श्रीरघुनाथ कला केंद्र की ओर से आयोजित आदर्श रामलीला में सीता हरण, शबरी आश्रम और राम-सुग्रीव मित्रता की लीलाओं का मंचन किया गया। लीला में रावण साधु का वेश धारण कर पंचवटी पहुंचता है और सीता से भिक्षा मांगता है। इसके बाद वह अपने असली रूप में आकर सीता का हरण कर पुष्पक विमान से लंका की ओर चला जाता है। मार्ग में जटायु उसे रोकने का प्रयास करता है, लेकिन रावण उसे परास्त कर आगे बढ़ जाता है। सीता के करुण विलाप का दृश्य देखकर दर्शक भावुक हो गए। इसके बाद राम-लक्ष्मण केशबरी आश्रम पहुंचने और भगवान राम के शबरी के झूठे बेर खाने की लीला का मंचन हुआ।

रींगस में गूंज रही गुजराती संस्कृति की खनक



न्यूज सर्विस/ नवज्योति, रींगस। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर में गुजराती संस्कृति की छटा बिखर रही है। नवयुवक मंडल के तत्वावधान में सतभाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित नौ दिवसीय डांडिया महोत्सव में महिलाओं और युवतियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। पारंपरिक परिधानों में सजी प्रतिभागी डांडिया और गरबा की धुनों पर मां दुर्गा की आराधना कर रही हैं। महोत्सव में आसपास के गांवों से भी लोग पहुंच रहे हैं। नवयुवक मंडल के पदाधिकारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि महोत्सव 11 अक्टूबर से शुरू हुआ, जो 19 अक्टूबर तक चलेगा। अंतिम दिन विशाल भंडारे के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन होगा। वहीं, 20 अक्टूबर को दशहरे पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

एमआर इंडस्ट्रीज का शुभारंभ, 25 उत्पादों का होगा निर्माण



न्यूज सर्विस/ नवज्योति, रींगस। रीको औद्योगिक क्षेत्र में एमआर इंडस्ट्रीज का भव्य शुभारंभ हुआ। डायरेक्टर राजेंद्र प्रसाद और मंजू देवी ने विधिवत उद्घाटन किया। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यापारी और ग्रामीण मौजूद रहे। एमआर इंडस्ट्रीज, दिल्ली स्थित डब्ल्यूएसए सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की इकाई है। यहां घरेलू सफाई, व्यक्तिगत देखभाल और दैनिक उपयोग से जुड़े 25 प्रकार के उत्पाद बनाए जाएंगे। इनमें साबुन, हैंडवॉश, फिनाइल, शैंपू, डिटर्जेंट, टॉयलेट क्लीनर और झाड़ू-पोछा सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। कंपनी कमर्शियल व घरेलू आरओ सिस्टम, वाटर सॉफ्टनर, डीएम प्लांट, ईटीपी और एसटीपी प्लांट सहित वाटर ट्रीटमेंट समाधान तथा रखरखाव सेवाएं भी उपलब्ध कराएगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संबंधित परामर्श और दस्तावेजीकरण सेवाएं भी दी जाएंगी। नई इकाई से क्षेत्र की औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने और भविष्य में रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह में कैलाश शर्मा, पप्पू शर्मा, बृजेश शर्मा और अजय शर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खूर, तहसील दांतारामगढ़, जिला सीकर, राजस्थान स्थित "खूरगढ़" संपत्ति के वर्तमान स्वामी श्री राजीव खंडेलवाल, पुत्र श्री ओमप्रकाश खंडेलवाल, निवासी 71/72, वसु कमल टावर्स, देविदास एक्सटेंशन रोड, बोरिवली (पश्चिम), मुंबई-400103 हैं। उक्त संपत्ति श्री राजीव खंडेलवाल द्वारा दिनांक 16.07.2008 को निष्पादित एवं पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय की गई थी। उक्त विक्रय विलेख श्री दीपक जैन, पुत्र श्री प्रेमचन्द जैन, द्वारा अपने विधिवत नियुक्त पावर ऑफ अटॉर्नी धारक श्री रामनिवास पारीक, पुत्र श्री सुखदेव पारीक, के माध्यम से श्री राजीव ओमप्रकाश एल. खंडेलवाल, पुत्र श्री ओमप्रकाश एल. खंडेलवाल, के पक्ष में निष्पादित किया गया था तथा सक्षम उप-पंजीयक कार्यालय में विधिवत पंजीकृत है। वर्तमान में श्री रविशंकर सोनी, पुत्र स्वर्गीय श्री मुरलीधर सोनी, आयु लगभग 43 वर्ष, निवासी 18-19, लव कुश मार्ग, सुरेन्द्र पाल कॉलोनी, न्यू सांगानेर रोड, श्याम नगर, जयपुर 302019, उक्त संपत्ति को निर्विवाद, स्पष्ट एवं विपणन योग्य स्वामित्व (Clear and Marketable Title) के आधार पर क्रय करने के इच्छुक हैं। अतः यदि किसी व्यक्ति, संस्था, ट्रस्ट, सोसायटी अथवा अन्य किसी पक्ष का उक्त संपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व, अधिकार, शीर्षक अथवा प्रस्तावित विक्रय-लेन-देन के संबंध में किसी प्रकार का दावा, अधिकार, हित, बंधक, भार, ग्रहणाधिकार, कब्जा, वाद, आपत्ति अथवा अन्य कोई विधिक अधिकार हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर अपने समस्त दस्तावेजी साक्ष्यों सहित लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे। यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई दावा अथवा आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति अथवा उसके स्वामित्व एवं प्रस्तावित विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था का कोई दावा, अधिकार अथवा आपत्ति शेष नहीं है। तत्पश्चात श्री रविशंकर सोनी उक्त संपत्ति का क्रय-विक्रय लेन-देन अपने विवेकानुसार पूर्ण करने के लिए स्वतंत्र होंगे तथा बाद में प्राप्त होने वाले किसी भी दावे अथवा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। ऐसे किसी भी विलंबित दावे के लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होगा।

श्री राजीव खंडेलवाल (विक्रेता)
प्रस्तावित क्रेता
श्री रविशंकर सोनी
पुत्र स्वर्गीय श्री मुरलीधर सोनी

माध्यम से अधिवक्ता
एल.डी.आई. अटॉर्नीज एलएलपी
मो. 84474 82828
20/16ए, बेसमेन्ट गिरनार, पंचशील मार्ग, गांधी पथ, जयपुर-302021

DNJ-415213

कांग्रेस की पहली सूची में सुनीता गठाला और वीआरएस लेने वाले सुल्तान सिंह को टिकट

सीकर के 49 में से 48 वार्डों में प्रत्याशी घोषित, वार्ड 20 पर फैसला बाकी; जिला प्रमुख की दौड़ में सुनीता गठाला का नाम चर्चा में

न्यूज सर्विस/ नवज्योति, सीकर। जिला परिषद चुनाव को लेकर कांग्रेस ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने जिले के 49 वार्डों में से 48 पर उम्मीदवार घोषित किए हैं, जबकि वार्ड संख्या 20 का टिकट फिलहाल रोक रखा है। सूची में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता गठाला और पुलिस सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले एएसआई सुल्तान सिंह को टिकट देकर पार्टी ने दो चर्चित चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा है।

सुनीता गठाला को वार्ड 11 से मौका : कांग्रेस की मौजूदा जिलाध्यक्ष सुनीता गठाला को वार्ड संख्या 11 से प्रत्याशी बनाया गया है। वे लगातार दूसरी बार जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रही हैं और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नजदीकियों में गिनी जाती हैं। जिला प्रमुख का पद ओबीसी महिला के लिए आरक्षित होने के कारण उनकी उम्मीदवारी को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, जिला प्रमुख पद को लेकर पार्टी का अंतिम निर्णय चुनाव परिणाम और आगे की राजनीतिक प्रक्रिया पर निर्भर करेगा।

वीआरएस लेकर चुनाव मैदान में उतरे सुल्तान सिंह : वार्ड संख्या 40 से एएसआई पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले सुल्तान सिंह को टिकट दिया गया है। उन्होंने चुनाव लड़ने के लिए पुलिस सेवा से वीआरएस लिया था। वहीं, वार्ड संख्या 15 से भंवरलाल वर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। वे दांतारामगढ़ पंचायत समिति के प्रधान रह चुके हैं।

कांग्रेस के वार्डवार प्रत्याशी : वार्ड 1 फूलाराम चौहान, 2 कृतिका चौधरी, 3 रजनी कुमारी, 4 राजकुमारी, 5 सुबिता, 6 योगेश कुमार, 7 रमेश बेरवाल, 8 मंजू देवी, 9 गौरव चिराणिया, 10 सरिता, 11 सुनीता गठाला, 12 मुकेश कुमार खोखर, 13 संतोष वर्मा, 14 मंजू देवी, 15 भंवरलाल वर्मा, 16 ममता, 17 सुनील चाहर, 18 संजू कुमावत, 19 चंदा धायल। वार्ड 20 पर प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। वार्ड 21 नानची, 22 राजेश कुमार, 23 सुशीला, 24 महेश कुमार, 25 विनोदी देवी, 26 सुनीता, 27 राज राजेश्वरी, 28 लोकेश कुमार मीणा, 29 अवतार, 30 सावित्री, 31 दिनेश कुमार, 32 सारली देवी, 33 श्योपाली, 34 सुनीता देवी, 35 भूपेंद्र सिंह, 36 विजयपाल कुड़ी, 37 राजेश कुमार मांडया, 38 रणवीर सिंह जाट, 39 अभिलाषा, 40 सुल्तान सिंह, 41 भूदाराम कुमावत, 42 ममता देवी, 43 राकेश कुमार, 44 अनिल बुरड़क, 45 मंजू देवी, 46 कमला देवी, 47 नसीम बानो, 48 पूजा और 49 किरण मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
शाखा कार्यालय: जे.बी. प्लाजा सिटी रोड, तहसील-रींगस
जिला सीकर-332404: ईमेल: Reengu@bankofbaroda.com

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस "परिशिष्ट-IVक" (नियम 8(6) का परन्तुक देखे)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले, गिरवी रखने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे दिये गये खाते में बकाया की वसूली के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार द्वारा **"जहां है, जैसी है और जो कुछ भी है"** के आधार पर दिनांक **11.11.2026** को बेचा जाएगा। प्रत्याभूति-दाता का विवरण, गिरवी रखने वाले, गारन्टर, प्रतिभूत सम्पत्ति, बकाया, आरक्षित मूल्य, ई-नीलामी की दिनांक व समय, अग्रिम धन राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते	अचल संपत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य, धरोहर जमा राशि (ईएमडी) एवं बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी दिनांक ई-नीलामी का समय	कब्जे की स्थिति (सांकेतिक/वास्तविक)	सम्पत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय
1.	श्री सागर मल फरदोलिया पुत्र श्री मोतीराम (ऋणी) भारतीय स्कूल के सामने, वार्ड नं.20 रींगस, सीकर	साम्यिक बंधक आवासीय संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जिसमें पट्टा नं.281, खसरा नं.1889/1, गुलाब बाग, मेहरों की ढाणी, खंडेला जिला-सीकर, राज.में स्थित; क्षेत्रफल 243.01 वर्गमीटर यानी 290.69 वर्गगज है, जो श्री सागरमल फरदोलिया पुत्र श्री मोतीराम के नाम से है (CERSAI charge Asset ID:200012499801);; सीमाएँ:- पूर्व: 72'-6' हरदेव राम का प्लॉट, पश्चिम: 77'-0' सुशील कुमार और नंदकिशोर का प्लॉट, उत्तर: 40'-0' पंचायत समिति, दक्षिण: 30'-0' रास्ता 35'-9'' (ज्ञात भार, यदि कोई हो: कुछ नहीं)	आरक्षित मूल्य, रूपये 39.46 लाख; धरोहर राशि, रूपये 3.94 लाख; बोली वृद्धि राशि- रूपये 0.10 लाख	11.11.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)	सांकेतिक कब्जा	10.11.2026 समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक; ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक: 10.11.2026 सायं 4:00 बजे तक

बकाया राशि:- मांग सूचना दिनांकित 09.05.2025 के अनुसार रूपये 26,02,893.10 तथा रूपये 30,84,550.37 दिनांक 10.07.2026 तक बकाया जिसमें 05.07.2026 तक ब्याज शामिल। & O/s as on today

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं https://baanknet.com को देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मो. 8094001064 पर संपर्क कर सकते है। अधिक विवरण हेतु स्कैन करे
दिनांकः 17.10.2026; स्थानः सीकर
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

DNJ-415192

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra
ONE FAMILY ONE BANK
बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अंचल कार्यालय, जयपुर, 6वां तल,फॉर्चून हाईट्स, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर- 302001
फोन:-0141-2379903, 905; ई-मेल आईडी: legal_jai@bankofmaharashtra.bank.in; recovery_jai@bankofmaharashtra.bank.in
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-5

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट - IV -A)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्ति का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है"** के आधार पर ऋणी और जमानतदारों से बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शेष राशि की वसूली के लिए **दिनांक 18.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे एवं दोपहर 3.00 बजे के मध्य** बेचा जाएगा। ऋणी और जमानतदारों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा इस प्रकार है:-

क्र. सं.	ऋणी/जमानतदार का नाम	बकाया राशि	सम्पत्तियों का पता	कब्जा प्रकार / शाखा नाम	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा (ईएमडी)
1	1. शिव ट्रेडिंग कंपनी (ऋणी) जरिये इसके प्रोपराईटर श्री प्रहलाद राय जोशी, ग्राम थिमोली, खसरा नं. 518, जिला सीकर, राजस्थान-332307, 2. श्री प्रहलाद राय जोशी (प्रोपराइटर) निवासी ग्राम थिमोली, तहसील रामगढ़ शेखावाटी, जिला सीकर, राजस्थान-332307	23.12.2025 तक बकाया रूपये 13,38,799/- + आगे की लागते, ब्याज, शुल्क और खर्चे, यदि कोई वसूली हुई हो तो उसे घटाकर।	श्री प्रहलाद राय जोशी पुत्र श्री बंशीधर जोशी के नाम से साम्यिक बंधक आवासीय संपत्ति पट्टा नं. 4, बुक नं. 1, खसरा नं. 518, ग्राम थिमोली, तहसील रामगढ़ शेखावाटी, जिला सीकर, राजस्थान में स्थित है संपत्ति का कुल क्षेत्रफल 296.6 वर्ग गज है।	सांकेतिक कब्जा / झुंझुनू	आरक्षित मूल्य- रु. 9,50,000/- (रुपये नौ लाख पचास हजार मात्र) एवं ईएमडी - रु. 95,000/- (रुपये पिच्यान्वे हजार मात्र)

बोली वृद्धि की राशि रूपये 20,000/- होगी और इसमें 10 मिनट का असीमित विस्तार (अनलिमिटेड एक्सटेंशन) शामिल होगा।

संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समयः- 11.11.2026 को सुबह 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के मध्य।
बोली जमा करने/ईएमडी और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि और समयः 17.11.2026 सायं 05.00 बजे तक।

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट पर दिए गए लिंक https://bankofmaharashtra.bank.in/asset-for-sales-search और baanknet पोर्टल (https://baanknet.com) का संदर्भ लें।
दिनांक 16.10.2026 स्थानः- झुंझुनू
गौरव कुमार प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संपर्क नंबर:9763923662

DNJ-415207